IJ-1106

B.A. (Part - III)

Term End Examination, 2018

HINDI LITERATURE

Paper - II

हिन्दी भाषा साहित्य का इतिहास तथा काव्यांग विवेचन

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. पूर्वी हिंदी की बोलियों के विकास एवं विशेषताओं का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 11

अथवा

हिंदी के विभिन्न रूपों का संक्षिप्त परिचय लिखिए।

2. 'तत्सम' एवं 'तद्भव' शब्दों का आशय स्पष्ट करते हुए पाँच-पाँच उदाहरण लिखिए। 11

अथवा

'देशज' एवं 'आगत' शब्दों का अर्थ स्पष्ट करते हुए पाँच-पाँच उदाहरण लिखिए।

3. हिंदी साहित्य के आदिकाल का समय निर्धारित करते हुए आदिकाल के साहित्य का संक्षिप्त परिचय लिखिए। 11

अथवा

छायावाद की महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ एवं प्रमुख कवियों का संक्षिप्त परिचय लिखिए।

4. आचार्य भरतमुनि द्वारा 'नाट्यशास्त्र' में वर्णित 'रस' के अंग एवं प्रकारों का संक्षिप्त विवरण लिखिए। 11

अथवा

आपके पाठ्यक्रम में रखे गए प्रमुख अर्थालंकारों का संक्षिप्त परिचय लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किन्ही **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 4×4

(क) राष्ट्रभाषा हिंदी

(ख) भक्तिकाल की उपलब्धियाँ

(ग) रीतिकाल के दो प्रमुख कवियों की विशेषताएँ

(घ) दोहा छंद के लक्षण

(ङ) महावीर प्रसाद द्विवेदी का योगदान

(च) कबीर का काव्य

(छ) प्रेमचंद का कहानी लेखन

6. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं **पंद्रह** के उत्तर लिखिए : 1×15

(क) "कनक-कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय ......। यह पाय बौरात है, वह खाय बौराय .....।" पद में कौन-सा अलंकार है? लिखिए।

(ख) रीतिकाल के साहित्य को प्रवृत्ति के आधार पर कितने भागों में बांटा गया है? लिखिए।

(ग) कवि केशवदास किस काल के कवि माने जाते हैं?

(घ) 'अज्ञेय' की किसी एक प्रसिद्ध रचना का नाम लिखिए।

(ङ) सिद्ध साहित्य के किसी एक प्रसिद्ध रचनाकार का नाम लिखिए।

(च) शालिभद्र सूरि हिंदी साहित्य के इतिहास में किस काल के कवि माने जाते हैं? लिखिए।

(छ) राजस्थानी हिंदी को कितने भागों में बांटा गया है? लिखिए।

(ज) 'आश्चर्य' शब्द तत्सम है या तद्भव? लिखिए।

(झ) 'धड़धड़' शब्द देशज है या आगत? लिखिए।

(ञ) हिंदी भाषा का उद्भव लगभग किस ईश्वी के आसपास हुआ? लिखिए।

(ट) अवधी के किसी एक प्रसिद्ध रचनाकार का नाम लिखिए।

(ठ) बुंदेली का शुद्ध रूप किन शहरों, ग्रामों में प्रयोग किया जाता है? लिखिए।

(ड) शब्द एवं अर्थ अथवा दोनों की रमणीयता से युक्त वाक्य रचना को क्या कहा जाता है? लिखिए।

(ढ) श्रृंगार रस का स्थायी भाव लिखिए।

(ण) आदि काल कब से कब तक माना जाता है? लिखिए।

(त) नवीन स्वीकृत इतिहास में हिंदी साहित्य के इतिहास को कितने भागों में बांटा गया है? लिखिए।

(थ) हिंदी साहित्य के इतिहास में किस विद्वान के इतिहास को समस्त साहित्य इतिहासों का आधार माना जाता है? लिखिए।